ओलों की मार से उजड़ी हरियाली, फसलें तबाह

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 23 फरवरी। सोमवार दोपहर शिवपुरी जिले में अचानक बदले मौसम ने किसानों पर कहर बरपा दिया। तेज हवाओं के साथ हुई मूसलाधार बारिश और भारी ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी सरसों,

लालगढ़, रायश्री व टोंगरा में सर्वे की तैयारी में प्रशासन

चना, गेहूं और टमाटर की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई गांवों में हालात ऐसे रहे कि खेत ओलों की सफेद चादर से ढक गए। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में फसल नुकसान सर्वे कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जिले की पिछोर, करैरा, नरवर और शिवपुरी तहसील में बारिश दर्ज की गई, जबकि शिवपुरी तहसील के लालगढ़, रायश्री और टोंगरा गांव ओलावृष्टि से सबसे अधिक प्रभावित रहे। बड़े आकार के ओलों के कारण सरसों की फलियां टूट गईं, चने और गेहूं की बालियां झड़ गईं, वहीं टमाटर की फसल पूरी तरह जमीन पर बिछ गई। किसानों का कहना है कि फसलें कटाई के ठीक पहले तैयार अवस्था में थीं। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी महीनों की मेहनत कुछ ही मिनटों में नष्ट कर दी, जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है। कई किसानों ने बताया कि इस नुकसान से उनकी लागत निकलना भी मुश्किल हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण यह अचानक परिवर्तन देखने को मिला, जिससे तेज बारिश और ओलावृष्टि की स्थिति बनी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही राजस्व एवं कृषि विभाग की टीमें प्रभावित गांवों में पहुंचकर क्षति का आकलन करेंगी, ताकि पात्र किसानों को राहत और मुआवजा दिया जा सके।

कलेक्टर का सख्त संदेश, शिवपुरी बनेगा नरवाई विहीन जिला

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 23 फरवरी। नरवाई जलाने पर पूरी तरह रोक लगाने और शिवपुरी जिले को नरवाई-विहीन जिला बनाने के लक्ष्य को लेकर कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने प्रशासन और कृषक वर्ग को स्पष्ट दिशा दी है। उन्होंने कहा कि किसानों को गाँव-गाँव जाकर जागरूक किया जाएगा, लेकिन नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई भी तय है।

जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कम्बाईन हार्वेस्टर मालिक/संचालक, बड़े व उन्नतशील कृषक तथा कृषक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में गेहूँ फसल की कटाई के बाद बचे अवशेष को स्ट्रारीपर मशीन से भूसा बनाकर निपटान करने की प्रक्रिया समझाई गई, जिससे पराली जलाने की आवश्यकता समाप्त हो सके। कलेक्टर चौधरी ने बताया कि रबी 2025 में जिले में लगभग 750 नरवाई जलाने की घटनाएँ सैटेलाइट के माध्यम से दर्ज हुई थीं। वर्ष 2026 में प्रशासन का लक्ष्य है कि एक भी घटना न हो। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि कोई किसान नरवाई जलाते पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पूर्व में नरवाई जलाने वाले ग्रामों में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा विशेष बैठकों और सभाओं का आयोजन कर किसानों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, उद्योग विभाग के प्रबंधक अरविंद महेश्वरी, उप संचालक कृषि पान सिंह करौरिया, कृषि व यंत्री विभाग के अधिकारी, सभी विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषक संगठन के प्रतिनिधि तथा लगभग 75 कम्बाईन हार्वेस्टर मालिक/संचालक एवं कृषक उपस्थित रहे।

अवैध कट्टा व जिंदा कारतूस सहित आरोपी दबोचा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 23 फरवरी। शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत बैराड़ पुलिस ने समय रहते बड़ी वारदात को टाल दिया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशों पर अवैध हथियारों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई करते हुए थाना बैराड़ पुलिस ने एक आरोपी को 315 बोर के देशी कट्टे और दो जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार किया है।

बैराड़ थाना प्रभारी सुरेश शर्मा के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पुराना रेस्ट हाउस, बैराड़ के पास किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की नीयत से हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जितेन्द्र रावत उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम टोडा, थाना बैराड़ बताया। हथियार रखने के संबंध में वैध लाइसेंस मांगने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने मौके पर ही हथियार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में की गई।

24 घंटे में हत्या का खुलासा, पिता-पुत्र सहित 5 गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

पिछोर 23 फरवरी। मायापुर थाना पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में पिता-पुत्र समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल वारंट पर जेल पिछोर भेज दिया गया।

घटना 22 फरवरी 2026 की है, जब ग्राम मुंहासा निवासी फरियादी राजेन्द्र सिंह यादव घायल अवस्था में थाना मायापुर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपियों ने उनके व उनके बेटे युधिष्ठिर यादव के साथ गंभीर मारपीट की। प्रकरण में थाना मायापुर में अपराध क्रमांक 29/2026 दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान घायल युधिष्ठिर यादव की मृत्यु हो जाने पर प्रकरण में हत्या की धाराओं का इजाफा किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कप्तान सिंह यादव उम्र 62 वर्ष, सतेन्द्र यादव उम्र 23 वर्ष, धर्मेन्द्र यादव उम्र 25 वर्ष, रामू यादव उम्र 18 वर्ष और कमलाबाई उम्र 60 वर्ष सभी निवासी ग्राम मुंहासा को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तलवार, चाकू, कुल्हाड़ी और लाठी जप्त की गईं। पुलिस ने आरोपियों को माननीय न्यायालय पिछोर में प्रस्तुत किया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उन्हें जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया के साथ उनि अजय पटेल, सउनि प्रताप सिंह गुर्जर, तथा पुलिस बल के अन्य जवानों ऊधम सिंह भिलाला, सुरेन्द्र राय, ओमप्रकाश राठौर, भीकम सिंह, सर्वेश शर्मा, चन्द्रभान सिंह, मुरारीलाल अटारिया और राजवीर सिंह पवैया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

तीन अवैध रेत भंडारण पकड़े, ट्रेक्टर ट्राली सहित रेत जब्त

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 23 फरवरी। कलेक्टर के आदेशानुसार जिले में अवैध खनन एवं अवैध रेत भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है। खनिज अधिकारी रामसिंह उईके के मार्गदर्शन में तहसील शिवपुरी अंतर्गत खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास ने खनिज दल के साथ शहर के विभिन्न स्थलों पर संचालित अवैध रेत भंडारणों का औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

निरीक्षण के दौरान ऐसे भंडारणकर्ता पाए गए, जो भंडारण अनुज्ञप्ति स्वीकृति से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। प्रथम कार्रवाई फतेहपुर चौराहा के पास स्थित फड़ पर की गई, जहां जितेन्द्र राजाबत के विरुद्ध अवैध रेत भंडारण का प्रकरण दर्ज किया गया। यद्यपि मौके पर रॉयल्टी पारपत्र प्रस्तुत किए गए, परंतु भंडारण अनुज्ञप्ति स्वीकृत न होने के कारण एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की गई। दूसरी बड़ी कार्रवाई गिर्राज पेट्रोल पंप के पास स्थित भंडारण स्थल पर हुई, जहां संचालक सीताराम कुशवाह एवं पार्टनर विजय सिंह राणा किसी भी प्रकार के रॉयल्टी पारपत्र अथवा भंडारण अनुमति दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। दोनों के विरुद्ध अवैध रेत भंडारण का प्रकरण दर्ज कर रेत जप्त की गई। तीसरी कार्रवाई नमोनगर तिराहे पर स्थित फड़ संचालक रवि धाकड़ के विरुद्ध की गई, जहां बिना किसी वैध अनुज्ञप्ति के रेत भंडारण पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त किए गए सभी वाहनों को थाना यातायात की सुरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा संबंधित भंडारणकर्ताओं के विरुद्ध खनिज भंडारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अर्थदंड निर्धारण हेतु कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। यह कार्रवाई स्पष्ट संदेश है कि शिवपुरी में अवैध खनन और भंडारण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आईसक्रीम स्टार्टअप से बदली वीरू की तकदीर.....

सफलता की कहानी

ग्वालियर, 23 फरवरी। हौसलों को यदि सही दिशा व सहयोग मिल जाए, तो साधारण युवा भी रोजगार लेने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन जाते हैं। ग्वालियर के युवा वीरू शाक्य ने यही कर दिखाया है। सीमित संसाधनों और बड़े सपनों के साथ शुरू हुई उनकी यात्रा आज एक सफल स्टार्टअप में बदल चुकी है, जो न केवल उनकी आजीविका का आधार बना है, बल्कि अन्य युवाओं के लिए भी अवसरों के द्वार खोल रहा है।

आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण वीरू अपने उद्यम की शुरुआत नहीं कर पा रहे थे। इसी दौरान उन्हें प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने अपने व्यवसाय का प्रस्ताव तैयार कर योजना के तहत आवेदन किया और उन्हें 5 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। इस वित्तीय सहयोग ने उनके सपनों को पंख दे दिए। वीरू ने 'निर्मल फूड प्रोडक्ट्स' नाम से अपनी इकाई स्थापित कर आइसक्रीम उत्पादन का कार्य शुरू किया। कम समय में ही उनका उत्पाद स्थानीय बाजार में पहचान बनाने लगा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने उद्यम के माध्यम से वीरू ने तीन अन्य युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध कराया है। उनकी यह पहल आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है। साथ ही यह भी दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और सरकारी सहयोग से युवा उद्यमिता के क्षेत्र में नई पहचान बना सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि अधिक से अधिक युवा स्टार्टअप के माध्यम से स्वरोजगार अपनाएं और रोजगार सृजन में भागीदार बनें। वीरू शाक्य की सफलता इसी सोच का प्रेरक उदाहरण हैं। वीरू ने सरकार की योजना का लाभ उठाकर न केवल अपनी तकदीर बदली, बल्कि दूसरों के जीवन में भी नई संभावनाएँ पैदा कीं हैं। वीरू इसके लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नहीं थकते।

हितेन्द्र सिंह भदौरिया

प्रजापति समाज सेवा समिति की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 23 फरवरी। प्रजापति समाज सेवा समिति जिला शिवपुरी की बैठक में समाज के संरक्षकों के सहयोग एवं सहमति से जिला अध्यक्ष मथुरा प्रसाद प्रजापति द्वारा नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में हरज्ञान प्रजापति, विजय भगतजी प्रजापति, गणेश प्रजापति, मोहनलाल प्रजापति तथा धरमू प्रजापति (लालमाटी) संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

घोषित कार्यकारिणी में पातीराम प्रजापति (शिक्षक) को कार्यकारिणी अध्यक्ष, नरेंद्र प्रजापति (लालमाटी) को उपाध्यक्ष, ईश्वर लाल प्रजापति को सचिव, राजेंद्र प्रजापति (कमलागंज) को महामंत्री, पवन प्रजापति (पुरानी शिवपुरी) को कोषाध्यक्ष, मोहन प्रजापति (पार वाले) को उपकोषाध्यक्ष, रवि प्रजापति (कमलागंज) को कार्यालय मंत्री तथा पवन प्रजापति (जट मंदिर) को प्रचार मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा हरचरण प्रजापति (तिमानी वाले) को जिला कार्यकारिणी सदस्य तथा राजू प्रजापति (करेया वाले), घमंडी लाल प्रजापति, जनवेद प्रजापति, कैलाश प्रजापति, तुलसी राम प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, जगदीश प्रजापति (छावनी वाले) एवं घनश्याम प्रजापति (नेताजी) को जिला सदस्य मनोनीत किया गया है।

बैठक में समाज के संगठन विस्तार, सामाजिक गतिविधियों को गति देने एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

नरवर अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

नरवर 23 फरवरी। नरवर नगर के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज रोटरी ओरिजिनल मेडिकल मिशन शिवपुरी द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश शासन ,श्रीमद् माधव राज सिंधिया स्वास्थ्य मिशन रोटरी द्वारा शिविर का आयोजन किया गया ,युक्त शिविर में मुख्य अतिथि श्रीमती पदमा, संदीप महेश्वरी नगर परिषद अध्यक्ष नरवर ,विशिष्ट अतिथि गोपालसिह पाल भाजपा जिला उपाध्यक्ष ,अतिथि पुष्पेंद्र जाटव जनपद अध्यक्ष करेरा, मुकेश खटीक पूर्व जनपद अध्यक्ष नरवर ,विजेंद्र सिंह गुर्जर ,राकेश सोनी ,संजय हरसाना कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष ईमरतसिंह कुशवाह, मुलायम सिंह कुशवाह पार्षद, लक्ष्मण सिंह मोजपुरिया, छविराम गुर्जर ,राजेश कोली पार्षद मंगरौनी ,उदयवीरसिंह, राजेंद्र फौजी, नारायण सिंह बघेल ,छत्रसाल कुशवाह, भगवानसिह कुशवाहा आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम सरस्वती माता एवं स्वर्गीय माधवराव सिंधिया के छायाचित्र पर माला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई ,मंच का संचालन राकेश लक्ष्यकार द्वारा किया गया ,शिविर में पधारे अतिथियो का स्वागत वीएमओ डॉक्टर एलडी शर्मा व उनके स्टाफ द्वारा माला पहनाकर किया गया तथा एलडी शर्मा ने कहा स्वास्थ्य

शिविर में आने वाले मरीज पंजीयन कराए, तथा स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिए जाने का आह्वान नरवर नगर के मरीजों एवं लोगों से किया गया ,युक्त अवसर पर पुष्पेंद्र जाटव जनपद अध्यक्ष करेरा ,मुकेश खटीक पूर्व जनपद अध्यक्ष नरवर, गोपालसिह पाल ,श्रीमती पदमा महेश्वरी ,संदीप महेश्वरी आदि वक्ताओं ने भी स्वास्थ्य पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये, आभार नरवर स्वास्थ्य केंद्र के वीएमओ डॉक्टर एलडी शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया, युक्त स्वास्थ्य शिविर में शिवपुरी से डॉक्टर संतोष पाठक ,डॉ विवेक विमल , डॉक्टर संतोष पाठक, डॉक्टर अन्नूराय ,डॉ नीरज सुमन, डॉ सुरेंद्र कुशवाहा, डॉ संजीव जाटव ,डॉक्टर हर्ष गुप्ता, डॉ केके भार्गव, आदि के अलावा संपूर्ण स्टाफ ने विभिन्न ग्रामों से आए लगभग 700 से अधिक मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

10 .75 लाख की स्मैक के साथ आदतन तस्कर दबोचा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 23 फरवरी। अमोला थाना पुलिस ने नशे की तस्करी करने वालों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के सख्त निर्देशों पर अमल करते हुए पुलिस ने 52 ग्राम स्मैक कीमत करीब 10.50 लाख रूपए और एक मोबाइल फोन सहित कुल 10.75 लाख रूपए का मशरूका जब्त कर आदतन अपराधी को सलाखों के पीछे पहुंचाया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में 22 फरवरी को थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता और चौकी प्रभारी अमोलापठा अभिमन्यु सिंह राजावत की टीम ने मुखबिर सूचना पर नर्सरी के सामने मामौनीखुर्द रोड पर घेराबंदी की। तलाशी में आरोपी राघवेन्द्र सिंह चौहान उर्फ गुड्डू उम्र 30 वर्ष निवासी अमोला क्रेशर, के पास से स्मैक और ओप्पो मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी शातिर और आदतन अपराधी है, जिस पर पूर्व से पांच मामले दर्ज हैं। पूर्व में भी उससे स्मैक जब्ती हो चुकी है। आरोपी व उसकी पत्नी कुमकुम राजा चौहान के विरुद्ध अपराध क्रमांक 31/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। स्मैक सप्लाई चेन और आरोपी के साले राजाबाबू की तलाश तेज कर दी गई है। उक्त कार्रवाई में अमोला थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता, उनि अभिमन्यु सिंह राजावत, प्र.आर. भजनलाल शाक्य, प्र.आर. दीपक उपाध्याय, आर. ब्रजराज सिंह, आर. प्रदीप कुमार, आर. आकाश शाक्य, आर. कुलदीप, आर. रामनरेश राठौर, चालक आर. मोहित शर्मा, आर. अतर सिंह, आर. संजीव श्रीवास्तव, आर. हिम्मत सिंह, आर. मनोज, आर. हीरेन्द्र सिंह एवं सैनिक जीतेन्द्र कलावत की भूमिका सराहनीय रही।

सामायिक से समता, समता से मोक्ष, जैन संतों का संदेश

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 23 फरवरी। आराधना भवन में आयोजित विशाल धर्मसभा में जैन दर्शन के मूल्यों पर गहन प्रकाश डालते हुए संत विज्ञान मुनि ने कहा कि सामायिक आध्यात्मिक जीवन की पहली और मोक्ष मार्ग की अंतिम सीढ़ी है। सामायिक का अर्थ है कि समता का धारण, प्रतिकूल से प्रतिकूल परिस्थितियों में मनोभावों की स्थिरता और सुख-दुख में निर्लिप्त रहना। जैन दर्शन में इसकी महत्ता सर्वोपरि है।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्र संत सौरभ मुनि ने जीवन-सुख का सरल सूत्र बताया कि अपने हित से पहले परहित की चिंता। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति दूसरों के जीवन को आलोकित करता है, उसका स्वयं का जीवन स्वत: सुखमय बनता है। दूसरों को सुख दो यही जीवन का सार है उन्होंने कहा। संत विज्ञान मुनि ने सामायिक की शक्ति को पुनिया श्रावक के प्रेरक प्रसंग से समझाया। उन्होंने बताया कि कसाई के पुत्र होते हुए भी पुनिया श्रावक ने भगवान महावीर के उपदेशों से प्रेरित होकर सामायिक को जीवन का आधार बनाया। समता-धारण का ऐसा प्रभाव हुआ कि राजा श्रेणिक के नरक-मार्ग से उद्धार का प्रश्न भी पुनिया श्रावक की एक सामायिक से जोड़ा गया पर संदेश यही रहा कि आध्यात्मिक उन्नति स्व-अनुशासन से ही संभव है। राष्ट्र संत सौरभ मुनि ने जीओ और जीने दो के जैन संदेश को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी में आत्मा का वास है, जैसे हम सुख-दुख अनुभव करते हैं, वैसे ही हर जीव करता है। इसलिए व्यवहार भी वैसा ही हो जैसा हम अपने लिए चाहते हैं, कर भला तो होगा भला। कानपुर से पद-बिहार कर शिवपुरी पधारे दोनों संतों का 2026 का चातुर्मास सूरत (गुजरात) में निर्धारित है। अंत में संत सौरभ मुनि ने बताया कि 24 फरवरी सुबह 7:30 बजे पोषध भवन से गुना के लिए पद-बिहार होगा। धर्मसभा में प्रभावना का लाभ नन्नूमल जी, ऋषभ कुमार, राजकुमार, नरेन्द्र कुमार एवं विनोद कुमार श्रीमाल परिवार ने प्रदान किया।